## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2480 | 4150 |
| गेहूं 1544 | 2000 | 3301 |
| चना | 3750 | 5751 |
| मसूर | 3400 | 6104 |
| सोयाबीन | 2835 | 4588 |
| सरसों | 4050 | 5650 |
| धान | 1600 | 3701 |
| तेवड़ा | 4025 | 4476 |
| वटरा | 4520 | 4520 |
| धनिया | 4800 | 5500 |

## खबर संक्षेप

### स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत दिलाई शपथ

**विदिशा।** स्वीप गतिविधियों के तहत मूल्यांकन कर रहे मूल्यांकन कर्ताओं को शपथ दिलाई गई। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य ने शपथ दिलवाई। लोकसभा निर्वाचन 2024 में ज्यादा से ज्यादा मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। मास्टर ट्रेनर विजय श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि लगातार 31 जनवरी से कलेक्ट्रेट परिसर में डेमोंसट्रेशन कर मतदाताओं को जागरुक कर रहे हैं। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में स्कूल गतिविधियों में निबंध प्रतियोगिता मेहंदी रंगोली पेंटिंग एवं अन्य गतिविधियों में सहयोग करता है।

### आरटीओ ने 39 वाहनों के चालान बनाए

**विदिशा।** प्रदेश में वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाए जाने तथा वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाए जाने के जारी किए गए आदेश के पालन में जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने अशोकनगर रोड पर वाहनों की जांच की। 39 वाहन नियम विरुद्ध चलते मिले। जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 33 वाहनों से शमन शुल्क 96050 रुपए वसूल किया गया। 6 वाहन प्रकरण निराकरण के लिए जब्त कर आरटीओ परिसर में खड़े कराए गए हैं। कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी न होने, वाहनों में वैध प्रपत्र न होने तथा सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में कार्रवाई की गई।

### पुलिस ने पैदल भ्रमण कर जनसंवाद किया

**विदिशा।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नगर में पैदल भ्रमण कर जनसंवाद किया गया। खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सीएसपी राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी मनोज दुबे ने माधवगंज बाल विहार मुख्य बाजार मे पैदल भ्रमण किया। पैदल भ्रमण के दौरान यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की। भ्रमण उपरांत बस स्टैंड पर जन संवाद लेकर स्थानीय दुकानदार ऑटो चालक व आमजनों से स्थानीय समस्याओं के संबंध मे चर्चा की गई एवं खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। वहीं आबकारी एक्ट के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए एवं थाना कोतवाली पुलिस द्वारा निरंतर इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

### अमृत-2 योजना के तहत 6 पानी की टंकियां नया फिल्टर प्लांट बनेगा

# नगरपालिका ने नहीं लगाया कोई नया टैक्स, बजट में 10% की वृद्धि

**बुधवार को नगरपालिका की बजट बैठक हुई। जिसमें 100 करोड़ रुपए की वृद्धि की गई है, जो अमृत 2 योजना के तहत नगर में 6 पानी की टंकियां नया वाटर वर्कस बनाए जाने और हलाली डेम से विदिशा में पानी ले जाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाने के लिए खर्च किए जाएंगे। राहत की बात यह है कि नपा ने शहर के लोगों पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को नगर पालिका परिषद की बजट बैठक आयोजित हुई। बैठक में 10 फीसदी बजट में वृद्धि की गई है। करीब 100 करोड़ रुपए की वृद्धि अमृत 2 योजना के अंतर्गत की गई। जिसमें नगर में 6 पानी की टंकी, एक वाटर फिल्टर प्लांट और हलाली से विदिशा पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाने की योजना शामिल है।

नगरपालिका अध्यक्ष और सांसद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने बताया कि बजट में 100 करोड़ रुपए की वृद्धि की गई है, जो अमृत 2 योजना के तहत नगर में 6 पानी की टंकियां नया वाटर प्लांट बनाए जाने और हलाली डेम से विदिशा में पानी ले जाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जाने के लिए खर्च किए जाएंगे। शहरवासियों के लिए राहत की बात यह है कि नगरपालिका ने किसी प्रकार का कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया। बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा, उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, सीएमओ धीरज शर्मा के अलावा सभी पार्षद और पार्षद प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में नपा की अनुमानित आय 4 अरब 5 करोड़ 51 लाख 60 हजार 650 रुपए बताई गई है।



विदिशा। बैठक के दौरान पार्षदों के समक्ष बजट प्रस्तुत करते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि।

वहीं कुल अनुमानित व्यय 4 अरब 5 करोड़ 63 लाख 63 हजार है। निर्माण एवं विकास कार्यों पर 78 करोड़ 94 लाख 84 हजार 700 रुपए की राशि खर्च की जाएगी। नगरपालिका निधि से 11 करोड़ 32 लाख 63 हजार 700 रुपए खर्च किए जाएंगे। जन कल्याणकारी योजनाओं पर एक करोड़ 19 लाख 57 हजार व्यय होगा। नवीन विद्युत पोल स्थापना एवं सामग्री क्रय करने पर 77 लाख रुपए खर्च बताया गया है। इसी तरह आवास निर्माण पर 47 करोड़ 20 लाख 65 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे।

नगरपालिका की बैठक में बताया गया की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर 44 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अमृत योजना के तहत 1 अरब 16 करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए खर्च आएगा। शहर की पेयजल व्यवस्था पर 8 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपए खर्च होंगे। मुख्यमंत्री अधोसंचरना अंतर्गत 1 करोड़ 65 लाख के कार्य, जनभागीदारी से 22 लाख के कार्य होंगे। वहीं नगरपालिका निधि से 11 करोड़ रुपए की ऋण वापसी होगी। आश्रय शुल्क से निर्माण एवं विकास कार्य 3 करोड़ से अधिक की राशि खर्च होना बताया गया है।

### पार्षद ने की मांग

बैठक के दौरान पार्षद आशीष माहेश्वरी ने कहा की सभी संविदा कर्मचारी जिनके 10 साल का कार्यकाल हो चुका है उन्हें नियमित करने की मांग की। इसके साथ ही सभी को नियमित रूप से समय पर वेतन दिए जाने की मांग भी की गई। पार्षद प्रतिनिधि जमुना कुशवाह ने नगरपालिका सीएमओ को नियमित रूप से कार्यालय में आने और पार्षदों के फोन उठाए जाने की मांग की।

### डॉक के आधार कार्ड और चिट्ठियां फेकने का मामला

# हेड पोस्टमेन सहित दो पोस्टमेन निलंबित

- बेतवा नदी के किनारे मिले थे 302 अधार, 92 चिट्ठियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पोस्टमेन की कमचोरी के चलते वितरित होने वाले आधारकार्ड और चिठ्ठियां बेतवा नदी किनारे फेक दिए जाने के मामले में अधीक्षक डाकघर ने हेड पोस्टमेन सहित दो पोस्टमेन को निलंबित कर किया। वहीं इन तीनों कर्मचारियों सहित आउटसोर्स के दो कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पुलिस को पत्र लिख दिया है।

गत रविवार 11 मार्च को बेतवा तट पर बड़ी संख्या में आधार कार्ड और चिठ्ठियों का कचरे में ढेर लगा होने की सूचना पर डाकघर विदिशा ने विभाग के निरीक्षक को मौके पर भेजकर पंचनामा बनाया था और सभी कागजात बरामद कर पुनः



वितरण की प्रक्रिया में शामिल किया था। डाक विभाग की जांच में लापरवाही उजागर होने पर हेड पोस्टमेन कलेक्टर सिंह यादव, पोस्टमेन शुभम अहिरवार एवं नंदकिशोर सोनी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जांच में सामने आया है कि पत्रों के वितरण के कार्य में आउटसोर्स कर्मचारी आनंद लखेरा और कुनाल शर्मा भी शामिल हैं। अधीक्षक डाकघर ने उक्त पांचों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए पुलिस को पत्र लिख भेजा है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ करने पर तीन साल सजा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को जसवंत सिंह यादव तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने 3 साल की सजा सुनाई है। बालिका ने अपनी मां के साथ थाना ग्यारसपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह शाम 4 बजे स्कूल से घर आ रही थी तो रास्ते में आरोपी ने जबरदस्ती हाथ पकड़ लिया और खींचकर बाढ़े के अंदर ले गया। वह चिल्लाई तो बालिक का भाई आ गया और आरोपी भाग गया। अभियोक्त्री ने अपने भाई को पूरी बात बताई। थाना ग्यारसपुर में रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस द्वारा प्रकरण विवेचना में लिया।

# 45 गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा, सिर्फ 12 ही घायल अवस्था में जीवित मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा सागर हाईवे पर मिर्जापुर के पास पुलिस ने गौवंश से भरा ट्रक जब्त किया है। जिसमें 45 गौवंश भरे थे। इसमें से 12 ही जीवित अवस्था में मिले हैं।

पुलिस ट्रक को विट्टल नगर गौशाला लेकर पहुंची जहां पर घायल गौवंश को उतारा गया। मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर पर यह ट्रक खराब हो गया था। ट्रक में गौ वंश होने के कारण ड्राइवर और क्लीनर ट्रक को वहीं छोड़कर भाग गए। दो महीने में शहर में गौ वंश से भरे ट्रक मिलने की यह तीसरी घटना है। सिविल लाइन पुलिस ट्रक को टोचन कर विट्ठल नगर स्थित



गौशाला पहुंचाया। जहां घायल गायों का उपचार किया जा रहा है। हिंदूवादी संगठन के सदस्यों का कहना है कि गायों से भरे ट्रकों के साथ क्रूरता के मामले में पुलिस कार्रवाई तो करती है, लेकिन चालक क्लीनर पर कोई बड़ी कार्यवाही अब तक नहीं हुई है। शिवसेना ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रक को राजसात किया जाए और ट्रक के मालिक का पता लगाकर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। अन्यथा शिवसेना उग्र आंदोलन करेगी।

### मंगलवार दोपहर में खरीफाटक ओवरब्रिज पर लूट होने की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला ही निकला आरोपी

# जुए में हार गया था दूध कंपनी के कलेक्शन के रुपए झूठी लूट की कहानी बनाकर दर्ज कराई थी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफाटक ओवरब्रिज पर अपने साथ लूट की वारदात की शिकायत झूठी निकली। बंटी नगर निवासी 23 वर्षीय यश कुर्मी पिता महेश कुर्मी ने मंगलवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ लूट हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जब यश से सवाल जवाब किए तो उसका झूठ सामने आ गया और कहानी कुछ और ही निकली।

बंटी नगर का यश कुर्मी श्रीधी दूध कंपनी का विदिशा में एजेंट है। तीन दिन के दूध के कलेक्शन के रुपए वह खुद हड़पना चाहता था, इसलिए उसने यह चाल चली और



विदिशा। लूट की वारदात की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचा था आरोपी।

बनावटी घटना की झूठी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला की यश जुआ खेलता है। जुए के कारण उधारी बढ़ गई थी। जिसे चुकाने के लिए दूध कंपनी के कलेक्शन के रुपए हड़प लेने का प्लान बनाया। उसे 2 लाख 42 हजार 680 रुपए दूध कंपनी के खाते में जमा करने थे, लेकिन वह जुआ खेल गया और कंपनी में जमा करने के लिए सिर्फ 1 लाख 67 हजार रुपए ही बचे। इसलिए उसने 2 लाख 42 हजार 680 रुपए की लूट का मामला दर्ज करा दिया।

पुलिस ने दूध कंपनी के 1 लाख 67 हजार रुपए जब्त किए और बंटी ने जिस बाइक पर उसके द्वारा घटना घटित होना बताया था वह भी जब्त कर ली। यश ने श्रीधी दूध कंपनी के कलेक्शन के रुपए अपने ही घर मे छिपा दिए थे। यश कुर्मी के खिलाफ धारा 409 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी यश को गिरफ्तार कर लिया है।

# 200 स्थानों पर जलेगी होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी दिनों में होली का त्यौहार है। जिसको लेकर तैयारियों शुरू हो गई हैं। शहर में तकरीबन 200 स्थान पर होलिका दहन होगा। इस परंपरागत और उत्साह पूर्ण त्यौहार को मनाया जाने के संबंध में एसडीएम क्षितिज शर्मा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि होली के त्यौहार में परंपरा भी न टूटे और पर्यावरण का संरक्षण भी हो इस प्रकार से होली मनाई जाए। इसको लेकर नगरपालिका और वन विभाग को निर्देशित किया गया है। लकड़ियों की व्यवस्था वन विभाग द्वारा की जाएगी। पेयजल की आपूर्ति नगरपालिका करेगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी इस त्यौहार को सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने की अपील की है।

### 24 को जलेगी होली

24 मार्च की रात को होलिका दहन किया जाएगा और अगले दिन होली का पर्व मनाया जाएगा। शहर में आदर्श होली उत्सव समिति द्वारा भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिसको लेकर पूर्व वित्तमंत्री राघवजी के घर बैठक हो चुकी है।

### प्रदेशव्यापी हड़ताल पर लगा विराम, मांगे मानी

**विदिशा।** अपनी मांगों को लेकर जूनियर डॉक्टरों द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध किया जा रहा था। बुधवार को सरकार ने जूडा की मांगों को मान लिया है। इसलिए प्रदेशव्यापी हड़ताल को स्थिगित कर दिया गया है। पूरे प्रदेश के जूनियर डॉक्टर पिछले 5 दिनों से अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सरकार ने इंक्रीमेंट की लंबित मांग को मान लिया है और अन्य मांगों पर समिति बनाकर निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। इसलिए जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल समाप्त कर दी है।

# स्टेशन पर लूट कर हत्या करने वाले एक आरोपी को आजीवन कारावास, दूसरे को 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश अयाज मोहम्मद ने लूटपाट कर हत्या करने वाले आरोपी अमरीत सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं साथी बिट्टू रैकवार को 7 साल की सजा से दंडित किया है। उक्त प्रकरण में पैरवी अपर लोक अभियोजक दीपक सेन द्वारा की गई।

आरोपी 21 अगस्त 2022 को चोरी की नियत से रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर आए। रात 1:30 बजे अमरीत ने बिट्टू को बैंच पर बैठा दिया और कहा कि जब वह इशारा करे तो आ जाना। अमरीत ने थोड़ा आगे जाकर बैंच पर सो रहे यात्री फूलसिंह के जेबों की तलाशी लेकर 2 हजार रुपए निकाल लिए, इशारा करते ही बिट्टू भी पहुंच गया। दोनों फूलसिंह की तलाशी लेने लगे तो वह नींद से जाग गया। दोनों भागे तो फूलसिंह भी उनके पीछे दौड़ा। हाथापाई करते हुए अपने रुपए मांगने लगा। तो अमरीत ने धारदार चाकू निकालकर फूलसिंह के गले में मार दिया और धक्का देकर नीचे गिराकर दोनों भाग गए। स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान आरक्षक ने घटना देखी। वह प्लेटफार्म 2 और 3 पर पहुंचा तो आरोपी वहां से भाग चुके थे। आरक्षक द्वारा जीआरपी को सूचना दी गई। घायल फूलसिंह को एंबुलेंस से चिकित्सालय पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। न्यायालय ने अपराध की गंभीरत को देखते हुए घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### ट्रेन की चपेट में आने से हुई एक की मौत

**विदिशा।** ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी लगते ही आसपास के लोग ने घटना की सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भेजा। जीआरपी ने बताया कि भोपाल की जा रही एक ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसके पास किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। मृतक की उम्र लगभग 55 से 60 साल के बीच लग रही है। मृतक का शव बुरी तरह क्षत विक्षत हो गया है। शव को मॉर्चुरी रूम में रखवाया है। परिजनों की तलाश की जा रही है।

# अरिहंत विहार कॉलोनी में 16 से स्वर्ण वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अरिहंत विहार कॉलोनी स्थित तारण तरण दि.जैन समाज द्वारा करीब 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन चैत्यालय में भव्य वेदी प्रतिष्ठा कार्यक्रम 16 मार्च से आरंभ होगा। श्री तारण तरण दि.जैन स्वाध्याय मंदिर समिति के अध्यक्ष राजीव जैन ने वेदी प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अरिहंत विहार कॉलोनी स्थित नवीन चैत्यालय में वेदी प्रतिष्ठा सहित कलशारोहण, तिलक महामहोत्सव आगामी 16 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित होने जा रहा है।

श्री जैन ने बताया कि 16 मार्च को प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ होगा जिसमें मुख्य ध्वज आरोहण श्री जिनवाणी जी अस्थाप समारोह किया जाएगा ।17 मार्च को प्रातःकालीन सत्र में प्रवचन , कलशों की दान प्रभावना एवं धर्म की महिमा सहित दोपहर 1 बजे तलैया मोहल्ला स्थित माहेश्वरी धर्मशाला से श्री जिनवाणी शोभा यात्रा एवं चल समारोह आरंभ होगा जो नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ चेत्यालय जी कलशारोहण के साथ पूर्ण होगा। 18 मार्च को बेदी सूतन , दोपहर 1 बजे तिलक महोत्सव , आरती, प्रभावना उद्बोधन , आगंतुक विद्वान एवं सृष्टि वर्ग का पात्र भावना आदि कार्यक्रम किए जाएंगे।

16 एवं 17 मार्च को रात्रि के समय उज्जैन व विदिशा के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन किया जाएगा। श्री जैन ने बताया कि कार्यक्रम में करीब 10 हजार श्रद्धालु देश भर से आने की संभावना है सभी के ठहरने और भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है ।करीब 4 हजार स्क्वायर फीट में बने मंदिर में स्वर्ण पैलेस युक्त बेदी प्रतिष्ठा होनी है।

# 'इंद्रियों की स्वंय की कोई इच्छा नहीं होती, दसों इंद्रियों पर अधिपति भीतर बैठे एक व्यक्ति का है जिसका नाम चित्त है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बटेश्वर भागवत सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत के चौथे दिन इंद्रेश उपाध्याय महाराज ने कहा भगवान ने मनुष्य को 10 इंद्रिया दी हैं। 5 कर्म इंद्रियां, 5 ज्ञान इंद्रिया।

मानव सुबह से शाम तक इन 10 इंद्रियों की इच्छा पूरी करता रहता है, लेकिन इन इंद्रियों की इच्छा कभी खत्म ही नहीं होती। महाराज ने कहा कि मानव की इंद्रिया गलत नहीं हैं। इन इंद्रियों की स्वंय की कोई इच्छा नहीं होती है इन दसों इंद्रियों का अधिपति भीतर एक व्यक्ति बैठा है



विदिशा। बटुकजी के साथ जमीन पर बैठकर प्रभु जी नागर ने कथा श्रवण की।

जिसका नाम चित्त है। वास्तव में इन इंद्रियों की कोई गलती नहीं है। महाराज जी कहा कि जिस प्रकार कोरोना वायरस को खत्म करने के लिए वैक्सीनेशन किया गया था। जिससे कोरोना पूर्ण रूप से ख़त्म हो गया। उसी प्रकार पाप रूपी कोरोना मानव के भीतर इतने सूक्ष्म रूप में प्रवेश करता है जिसे कथा रूपी , सत्संग रूपी संतों के चरण रूपी वैक्सीनेशन से ही दूर किया जा सकता है। अगर मानव को दोष निरवृत होना है तो उसे नियम करना अतिआवश्यक है जो इंसान सत्संग नित्य करता है उसे अपराध छूता भी नहीं है। बृज के नंदलाला राधा जी के सांवरे भजन पर भक्तों ने रसमय होकर तालियों के साथ नृत्य किया।

### कथा में पहुंच नागर जी के पुत्र प्रभु जी नागर

कथा में कमलकिशोर नागर के सुपुत्र प्रभु जी नागर भी पहुंचे। अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। श्री प्रभु जी नागर ने कथा के बाद अपना आशीर्वचन समस्त भक्तों को प्रदान किया। बटेश्वर भागवत सेवा संस्थान के प्रमुख अंकित कृष्ण बटुक महाराज ने आभार प्रकट किया। और कथा में अधिक अधिक वैष्णव भक्तों को कथा श्रवण करने के लिए प्रार्थना की।16 मार्च तक होने वाली भागवत कथा माँ बिहार कॉलोनी के सामने फॉरेस्ट डिपो के पास समय 2 से 5 बजे तक चल रही है। जिसमें बड़ी संख्या में भगवत प्रेमी पहुंच रहे हैं।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-4401
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3380
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4485
चना
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5900
मसूर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-6383
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4510
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-4666
सरसों
न्यूनतम भाव-4040
उच्चतम भाव-5790
उड़द
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6400
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3610
ज्वार
न्यूनतम भाव 1100
उच्चतम भाव-1100
बटरी
न्यूनतम भाव-3585
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 28455 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**गंजबासौदा।** रेत ठेकेदार की दबिश टीम ने केवटन नदी के पास से रेत का अवैध परिवहन कर रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ा। दबिश टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को खनिज शाखा विदिशा में सुपुर्द कराया है और आगामी कार्रवाई के लिए पत्र खनिज विभाग के अधिकारियों को लिखा है। ज्ञात हो कि लंबे समय से केवटन नदी में अवैध रेत का परिवहन एवं उत्खनन चल रहा था। जिसको लेकर लगातार दबिश टीम धरपकड़ में लगी हुई है।

### विधायक आज करेंगे सब स्टेशन का उद्घाटन

**गंजबासौदा।** विधायक हरि सिंह रघुवंशी गुरुवार को एसएसटीडी योजना में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र कालापाठा का उद्घाटन करेंगे। 2 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से बने इस विद्युत उपकेंद्र का दोपहर 1 बजे उद्घाटन होगा। इससे कालापाठा, बरखेड़ा, बसरिया, करौंदा कला, आटासेमर, सोठीया, गजनई, इमलाधाम जसिया, रतनखेड़ी, गढायला, सींगाखेड़ी, विनायकखेड़ी, नानुखेड़ी,डाबर,नेगमा पिपरिया, मोरोदा, सियारी सहित लगभग 25 ग्रामों को समुचित वोल्टेज सहित सुचारू विद्युत मिल सकेगी।

### विधायक और नपाध्यक्ष ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# नगर के पत्रकारों को मिली पत्रकार भवन की सौगात, हुआ भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









नगर पालिका परिषद के करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के भूमि पूजन अवसर पर नगर के पत्रकारों को पत्रकार भवन की सौगात भी मिल गई। क्लब पार्क में बुधवार के दिन इसका भूमि पूजन भी कर दिया गया। जिसमें विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने पत्रकार भवन के लिए 11 लाख रूपए देने की घोषणा की और अन्य नागरिकों ने भी अपनी ओर से सहयोग राशि देने की स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही दिनभर अलग-अलग वार्डों में विकास कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम चलता रहा।

पत्रकार भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि अभी तक पत्रकारों को बैठने सहित अन्य आयोजन के लिए कोई जगह नहीं थी। नगर पालिका ने पत्रकार भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराई और सांसद रमाकांत भार्गव ने अपनी निधि से इस भवन के लिए 5 लाख रुपये दिए हैं। अब मैं भी विधायक निधि से 11 लाख रुपए देने की घोषणा करता हूं। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि हम सब मिलकर पत्रकार भवन को सर्व सुविधा युक्त बनाएंगे। जिसमें सभी व्यवस्थाएं कराई जाएंगी। उन्होंने अनिल दाऊ फाउंडेशन की ओर से 25000 देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि इस समय प्रशासन और अधिकारी जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है जिस कारण हम नगर के विकास में लगे हुए हैं। इसी क्रम में पत्रकार भवन निर्माण में सहयोग के लिए समाजसेवी कांति भाई शाह ने 21000 रुपए, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी ने 11000 रुपए, वार्ड पार्षद मनोज अहिरवार ने 5100 रुपए, पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी ने 5100 रुपए, रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी ने 5100, सावित्री महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा ने 2100 रुपए, पत्रकार देवेन्द्र रघुवंशी और देवेन्द्र राजपूत ने 2100, 2100 रूपए, महेंद्र सिंह ठाकुर ने 1000 रुपए सहित अन्य ने यथा संभव मदद करने की बात कही। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादोन ने कहा कि पत्रकारों की यह मांग कई सालों से चली आ रही थी और इस परिषद ने इसे पूरा किया। मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

वहीं नपा लोक निर्माण विभाग समिति की अध्यक्ष एवं पार्षद अंशलेखा रोहित भावसार ने पत्रकार भवन के भूमि पूजन अवसर पर प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम विजय राय ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर जो भी मदद की आवश्यकता लगेगी। पत्रकारों को उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार यशपाल यादव ने पत्रकार भवन का नाम पर्यावरणविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अनिल यादव के नाम पर रखे जाने की बात सबके समक्ष पेश की जिस पर सभी ने सहर्ष सहमति प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने कहा कि सभी के सहयोग से पत्रकारों को सौगात मिलने वाली है। उन्हें पत्रकार भवन अति आवश्यक था और क्लब पार्क में 25 गुना 55 की साइज में भवन बनाकर नपा परिषद द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी ने किया, जबकी सभी उपस्थितों का आभार प्रेस क्लब के अध्यक्ष नीतेश नायक ने माना। इस अवसर पर बडी संख्या में नगर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। उधर नपा द्वारा बुधवार को पत्रकार भवन सहित कुल 107 विकास कार्यों का भूमि पूजन सम्पन्न कराया गया। जिसमें दमयंती धर्मकांटा से मील वाली माता मंदिर तक सीसी रोड निर्माण (कायाकल्प), सरल सिलाई सेंटर से स्टेशन मदिर तक सीसी रिनेवल कोट (मु.अथो योजना), फ्रीगंज स्कूल के पास, चंद्र प्रभु जिनालय वाली गली में दोनो तरफ आरसीसी निर्माण (मु.अथो. योजना), राकेश जैन के मकान से अल्लू कुशवाहा के मकान तक सीसी रोड निर्माण (मु.अयो.योजना), कपिल किराना से रूचिर दुबे के मकान तक सीसी रिनेवल कोड (मु. अधो. योजना), शैतान विश्वकर्मा के मकान से लक्ष्मण रघुवंशी के मकान तक सीसी रोड निर्माण (मु.अधो. योजना), केशव वाटिका से सूर्यप्रकाश चौरसिया तक सीसी रिनेवल कोड कार्य (कायाकल्प), रामबाबू शर्मा से मीणा वाली गली एवं अजय जैन वाली गली में राधेलाल के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य (कायाकल्प), धर्मकांटा के पीछे महेन्द्र रघुवंशी के मकान से प्रदीप सारस्वत के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य, एसडीएम बंगला से बेदनखेडी बायपास पुलिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य (कायाकल्प), अयोध्या नगर मेन रोड से नरेश रिछारिया तक सीसी व आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

इसी तरह अरिहंत नगर त्योंदा रोड राजकुमार रघुवंशी के मकान से मुन्नीबाई के मकान तक सीसी रोड एवं दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य (मु.अधो. योजना), अरिहंत नगर त्योदा रोड परमानंद प्रजापति के मकान से बलराम कुशवाह के मकान तक आरसीसी नाली निर्माण , सिरोज चौराहे पर हनमान मंदिर के पास पुलिया निर्माण कार्य, कैलाश दांगी के मकान से सिरोज बायपास रोड तक सीसी रिनेवल कोड निर्माण, विनोद नेमा से सावरकर चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य (कायाकल्प), सावरकर चौक से संदर मंदिर पुलिया तक सीसी रोड निर्माण (कायाकल्प),पाराशरी पुल के दोनो तरफ रिटर्निंग बाल निर्माण कार्य (मु.अधो. योजना) और ग्राम भडेरू ट्रेंचिंग गाउंड की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का भूमि पूजन सभी की उपस्थिति में किया गया।

# सेवा सदन के नेत्र परीक्षण शिविर में हुई 141 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में तथा सेवाभावी संस्था दमयंती धर्मकांटा सेवार्थ के सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का कैंप लगाया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय से आए नेत्र रोग विशेषज्ञ केंद्र संचालक डाक्टर हरि प्रसाद, डॉक्टर रविंद्र रघुवंशी सेंटर कोऑर्डिनेटर एवं रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव ने 141 मरीजों की ओपीडी की। इसमें से 55 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 35 नेत्र रोगियों की जांच पश्चात चश्मा बनवाने के लिए एडवाइज दी गई एवं 8 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के द्वारा स्पेशल गाड़ी से भेजा गया। यह सभी नेत्र रोगी 15 मार्च को दोपहर 1 बजे ऑपरेशन करवाकर वापस लौटेंगे।

नेत्र शिविर के इस कैंप में नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सचिव सुरेश तनवानी, बृज किशोर सुहाने, सत्यपाल तनवानी, समाजसेवी योगेश शाह, दमयंती बेन शाह, विनीत अरोरा, राम गोपाल गुप्ता , रेलवे विभाग से हेमंत राय, महेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व सैनिक, प्रकाश माहेश्वरी, जगदीश भावसार, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राधेश्याम साहू, दयाशंकर जायसवाल, पुलिस विभाग से जितेंद्र दांगी, लाल बहादुर ताम्रकार, नेतराम मिश्रा, देवी प्रसाद भावसार,प्रदीप नेमा, नाटु भाई पटेल, चंद्रशेखर ताम्रकार, टीकाराम झा, राज कुमार भावसार, शोभाराम शर्मा, हितकारिणी धर्मशाला के मैनेजर रामबाबू दुबे, मैनेजर संतोष शर्मा, मैनेजर देवीलाल कुशवाह, प्रेम नारायण उपस्थित थे।

# स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को त्योंदा थाना में पदस्थ निरीक्षक जमील काजी का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय भोपाल हो जाने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी सहित समस्त स्टॉफ एवं त्योंदा के गणमान्य नागरिक मौजूद थे। जिन्होंने काजी का फूल, मालाओं से स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी।

### अभाविप ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संदेशखाली में हुए घटनाक्रम को लेकर जयस्तंभ चौक पर ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। जिला संयोजक ने बताया कि पश्चिम बंगाल में अपना विरोध दर्ज करा रहे अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के साथ हुए अमानवीय व्यवहार एवं गिरफ्तारी की अभाविप कड़ी निंदा करती है। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा हिन्दू घरों से जबरन नाबालिग कन्याओं व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण कर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कई जघन्य मामले सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल राज्य की महिला मुख्यमंत्री के संरक्षण से वर्षों के शारीरिक एवं मानसिक शोषण से तंग आकर संदेशखाली की हजारों महिलाएं आज राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलनरत हैं। अभाविप ने ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। जिसमें अनेक अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेमिनार में विज्ञान से संबंधित बारीकियों को समझाया

**गंजबासौदा।** गत दिवस लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलाजी भोपाल के द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, रंगोली, वाद विवाद, प्रश्न मंच एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी प्रदान की। सेमिनार के समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में एसएटीआई के सिविल विभाग के प्रोफेसर केके पंजाबी ने अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने विज्ञान से संबंधित विभिन्न बारीकियों को सहज और सरल ढंग से समझाया और छात्रों से आह्वान किया कि वे विज्ञान को समझने के लिए सबसे पहले वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ विचार करना सीखें। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इंदिरा दुबे, उप प्राचार्य डॉ. पियूष दुबे, कंप्यूटर विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अजय सेंगर, विधि विभाग अध्यक्ष आरआर द्विवेदी, वाणिज्य विभाग अध्यक्ष मनोज सक्सेना एवं अन्य सभी महाविद्यालय-स्टाफ उपस्थित रहा।

### यातायात पुलिस ने की चालानी कार्रवाई

**गंजबासौदा।** सूबेदार आशीष राय यातायात प्रभारी द्वारा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर एवं नगर में चलने वाली यात्री बसों एवं भारी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें जय स्तंभ चौक पर विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 10 चालान बनाए गए एवं 4000 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया।

# जनसुनवाई में आए 14 आवेदन

**गंजबासौदा।** तहसील के पटवारी सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 14 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका नियमानुसार निराकरण समय सीमा में करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



### दो पहिया, चार पहिया और अन्य वाहन चालक होते रहे परेशान

# त्योंदा रोड पर लगी रही वाहनों की लंबी कतारें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर के त्योंदा रोड पर रैक पॉइंट पर जाने के लिए ट्रकों की लंबी लाइन लग जाने से यातायात प्रभावित हुआ। त्योंदा रोड पर पुरानी गल्ला मण्डी से लेकर पेट्रोल पंप के आगे तक एक ओर ट्रकों की लंबी लाइन लग गई। वहीं दूसरी ओर अन्य दो पहिया, चार पहिया और भारी वाहन फंस जाने से देर तक जाम लगा रहा। वाहन चालक जाम में फंसकर जाम हटने के इंतजार में खड़े रहे। यहां उल्लेखनीय है कि त्योंदा रोड, पचमा बायपास मार्ग, बरेठ रोड पर यातायात का सर्वाधिक दबाव रहता है। नोएण्ट्री में प्रतिबंध के बावजूद अनेक भारी वाहन घुस जाते हैं। यातायात पुलिस दिखावे के लिए मात्र जयस्तंभ चौक पर चालानी कार्रवाई करती रहती है।

### मारपीट का मामला दर्ज

**गंजबासौदा।** फरियादी भूरा अहिरवार उम्र 30 वर्ष ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 8 साल पहले उसका विवाह ग्राम पायरी की रुचि अहिरवार के साथ हुआ था। मेरे तीन बच्चे हैं दो बच्चों को घर छोड़कर पत्नी एक बच्चे को लेकर दूसरे व्यक्ति के साथ ग्राम रोजरु में रहने लगी है। विगत दिनों जब अपने बच्चे को लेने रोजरु गया तो रुचि ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे घुटने में चोट आई है।

### भारी वाहन चालकों ने फिर तोड़ा हाइट गेज

**गंजबासौदा।** आवासीय क्षेत्र में बड़े और भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए पूर्व में लोहे के हाइट गेज लगाए गए थे। इससे की आवासीय क्षेत्र में बाहरी वाहनों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम की जा सके। लेकिन रेलवे और नगर पालिका की बाउंड्री पर लगाये गये हाइट गेज को भारी वाहन चालकों ने तोड़ दिया। कच्चे मार्ग पर ट्रैफिक में फंसने के डर से वाहन चालकों ने मील रोड पर लगे हाइट गेज को पूर्व में भी रात को तोड़ दिया था। इससे की ट्रैफिक मील रोड से होकर निकाला जा सके। जबकि नगर मील रोड पर आवासीय क्षेत्र और बाजार होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जल संसाधन विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा कोठा बैराज सिंचाई परियोजना केन बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना 515.18 करोड़ की लागत से प्रारंभ की गई है। जिसमें 83 ग्रामों के 25 हजार कृषकों की 22 हजार 272 हेक्टेयर भूमि संचित होगी। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा परियोजना के लाभ व जानकारी के प्रचार प्रसार के लिए गंजबासौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम मसूदपुर, अरनोट, पिपरिया जादौन, ककरुआ मोदन, कुल्हार व खडाखेड़ी में विभिन्न गतिविधियों का ग्रामीणों की सहभागिता से आयोजन किया गया। उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम 11 से 13 मार्च तक तीन दिवस में समस्त लाभान्वित ग्रामों में किया गया। जिसमें प्रथम दिवस कलश यात्रा द्वितीय दिवस नुक्कड़ नाटक पोस्टर प्रदर्शनी व नारा लेखन तथा तृतीय दिवस में वाद विवाद व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों को योजना के विषय में विस्तृत बार जानकारी दी गई।

आयोजन में ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक ममता राठौर, देवेंद्र साहू, नवांकुर संस्था लमन्या से अमित शर्मा, नवांकुर समिति करौंदाखुर्द से रामचरण कुशवाह , प्रवल सेवा समिति से वीरसिंह कुशवाह, प्रमोद कुशवाह, रितु दांगी ,सीमा शर्मा पंकज कुशवाह, चंचल तामेश्वरी, टीना राजपूत, रीना नामदेव ,अनुराग ठाकुर सहित बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा सहभागिता की गई।

## नपा को धुलाई सेंटर व वाटर प्लांटो पर करनी होगी कठोर कार्रवाई

# जल संकटः रोज हो रही कुओं और बावड़ियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में जल संकट को लेकर स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका काफी चिंतित है। इसको लेकर प्रतिदिन एसडीएम हर्षल चौधरी और नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू,नपा इंजीनियर रोहित सिंह तोमर पूरी तरह से शहर में यह खोजबीन कर रहें है कि जल संकट के समय कौन सा कुआं व बावड़ी से पानी मिल पाएगा। बुधवार को नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू, इंजीनियर रोहित सिंह तोमर नगर के वार्ड क्रमांक 4 दरी बाले मोहल्ले में पहुचें जहा एक प्राचीन कुआं था। जिसमें काफी मलबा पड़ा हुआ था तो नपा ने उक्त कुएं की साफ-सफाई कर मलबा निकालने के बाद उस कुएं की गहराई 36 फिट हो गई है और कुएं का पानी भी काफी अच्छी स्थिति में है।

### क्या प्राचीन कुओं को नगर पालिका करा पाएगी अतिक्रमण मुक्त?



इस बार नगर के केथन डेम में पर्याप्त पानी न होने के कारण नपा द्वारा सप्ताह में दो दिन पानी रोककर दिया जा रहा है। नपा ने इस समस्या से निपटने के लिए 2 सौ करोड़ रूपये का बजट नवीन बजट में दिया है। शहर में ऐसे दर्जनो प्राचीन कुएं और बावड़ियां हैं लेकिन नगर पालिका ने उन कुओं को नजर अंदाज कर दिया था प्रशासन की अनदेखी के कारण वह कुएं गंदगी और कचरे के कारण पूरी तरह बंद हो गए है। वर्तमान में नगर पालिका उन कुओं को चिन्हित कर पीने योग्य बनाया जा रहा है। स्थिति तो यह भी है कि कुछ कुओं पर नागरिको द्वारा कब्जा कर उनका नामोनिशान ही मिटा दिया है। जब सीएमओ ने इन कुओं का सर्वे कराया तो नपा इंजीनियर ने कहा कि वास्तव में सिरोंज में काफी संख्या में कुएं है यदि शहर के नागरिक नपा का सहयोग करें तो काफी कुएं जल सप्लाई के लिए काम में आ सकते है।

### संकट में सहयोग जरूरी

नागरिको का सहयोग नही मिला तो आने वाले समय में जल संकट का सामना करना होगा - यह बात तो हकीकत है कि शहर में जल संकट बरकरार है और यदि कैथन डेम की बात की जाए तो उक्त डेम में पानी की मात्रा भी काफी कम है। ऐसी स्थिति में शहरवासियों को पानी का उपयोग काफी गंभीरता से करना पड़ेगा। जिससे की मई-जून में आने वाले संकट से नपा निपट सके। स्थानीय प्रशासन व नपा रात दिन इस संकट से निपटने के लिए तरह तरह के प्रयास करने में लगी है। जिससे कि शहरवासियों पानी के लिए यहां वहां न भटकना पडें। वही नपा को एक कठोर कदम उठाना पड़ेगा जिसमें वाहन धुलाई सेंटरो पर काफी मात्रा में पानी का अनुउपयोग किया जा रहा है। साथ ही नगर में संचालित अनेक वाटर प्लांटो पर भी नपा को सिकंजा कसना पड़ेगा। इस दोनो ही जगहों के लिए नपा को कई गंभीर नियम बनाने पड़ेंगे।

इंजीनियर रोहित तोमर का कहना है कि इस कुएं में पानी की संभावना अच्छी है पहले हम इस कुएं के पानी का परीक्षण कराएगें यदि परीक्षण के दौरान कुएं का पानी पीने योग्य निकला तो फिर ही हम कुएं का पानी शहरवासियों के लिए सप्लाई करेंगे। जल संकट से निपटने के लिए नपा के सीएमओ, इंजीनियर नपा अमले के साथ जनप्रतिनिधियों के सहयोग व नागरिको के विचारो के साथ प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर सतत प्रयास कर रहें है कि कही न कही किसी वार्ड में कोई भी प्राचीन कुआं व बावड़ी जो कि अतिक्रमण में हो या फिर क्षतित्रस्त हो या उक्त कुएं में कचरा भरा हो। ऐसे कुओं और बावडियों की मरम्मत कराकर उनका जल पीने योग्य होता है तो उस कुएं में नपा द्वारा मोटर डलवाई जाएगी और शहरवासियो को पानी सप्लाई किया जाएगा।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास हुआ हादसा

# मवेशी को बचाने के चक्कर में रात में चूरी से भरा ट्रक पलटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के लटेरी रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप रात्रि 12 बजें के आसपास मवेशी को बचाने के चक्कर में गिट्टी की चूरी से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही यातायात प्रभारी रीतेश बघेला अपनी टीम के साथ मौके पर पहुचें और हादसे में घायल हुए ट्रक ड्राइवर को शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय लाया गया। वही यातायात प्रभारी रीतेश बघेला ने बताया कि रात्रि के समय लटेरी बायपास पर एक ट्रक के पलटने की जानकारी मिली थी। जिसमें ट्रक ड्राइवर को चोटे आई थी उसे उपचार के लिए भेजा दिया गया था।

## हमारा प्रयास है कि मंडी बायपास रोड पर लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा मिलेः रीतेश बघेला

# जाम की समस्या से निपटने यातायात पुलिस ने दुकानदारों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के मंडी बायपास रोड पर लगने वाले जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात प्रभारी रीतेश बघेला द्वारा मंडी बायपास रोड पर स्थित दुकानदारो को दुकानो का समान सडको पर न रखने व दुकानो पर खरीदी करने आने वाले ग्राहको के वाहनो को व्यवस्थित खडें करवाने को लेकर नोटिस दिए गए। सूबेदार रीतेश बघेला ने बताया कि मंडी बायपास रोड पर दुकानदारो द्वारा सडक पर दुकान का समान रख लिया जाता है साथ ही दुकानो पर आने वाले ग्राहको द्वारा बीच सड़क पर अपना वाहन खडा कर दिया जाता है। जिससे आए दिन उक्त रोड पर जाम की स्थिति निर्मित होती है और आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है। जाम की समस्या से निपटने के लिए सभी दुकानदारो को नोटिस दिए गए है। यदि बीच रोड पर किसी वाहन चालक द्वारा अपना वाहन खडा किया गया तो उक्त वाहन चालक पर कार्यवाही की जाएगी। वही उन्होने कहा कि हमारा प्रयास यह है कि मंडी बायपास रोड पर लगने वाले जाम से आम नागरिको को पूरी तरह छुटकारा मिलें। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा कई तरह के प्रयास किए जा रहें है।



### हितानंद शर्मा ने किया शोक व्यक्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा ने सिरोंज के वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षाविद शरद श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचकर उनकी मां के निधन पर शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर हितानंद शर्मा ने शरद श्रीवास्तव को इस संकट के समय में हिम्मत देते हुए कहा कि हमेशा हम आपके साथ है।

## मंदिर के लिए सर्वश्रेष्ठ सामग्री का दान करते रहना चाहिएः मुनि भावसागर

# मुनि संघ का सिरोंज में हुआ मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य आचार्य श्री समयसागर जी मुनिराज के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं मुनिश्री भावसागर जी महाराज का बुधवार को नगर सिरोंज में मंगल प्रवेश हुआ। वही उनकी आगवानी जैन समाज सिरोंज द्वारा भव्यता पूर्वक की गई। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि मंदिर प्रतिमा पूजन भक्ति एवं मंत्र जाप आदि धार्मिक क्रिया ही चारों ओर के वातावरण आभामंडल इलेक्ट्रोडायनेमिक फील्ड और अपने विचारों को बदलने का सशक्त माध्यम है इन क्रियाओं से सीधे पाप कर्म नष्ट नहीं होते बल्कि आसपास का माहौल बदलता है उससे विचार बदलते हैं विचारों के परिवर्तन से कर्म नष्ट होते हैं ,भगवान के ऊपर प्रथम छत्र का आकार इतना बड़ा होना चाहिए की प्रतिमा के दोनों कान, नाक, का अग्रभाग एवं सिर पूर्णतः ढक जाए परंतु सिर से थोड़ा ऊपर छत्र इस ढंग से लगाना चाहिए जिससे कि प्रतिमा पूर्णता दृष्टिगोचर हो और अभिषेक आदि कर सके। छत्र दान करने से एक छत्र राज्य करता है छत्र देने वाला और चवर दान करने से उसके ऊपर चवर ढुरते हैं। श्रीफल की महिमा अपरंपार है,श्री यानी मोक्ष का फल देने वाला होता है श्रीफल, शांति भक्ति में आचार्य पूज्यपाद स्वामी जी ने लिखा है की विद्या, औषधि ,मंत्र, जल ,हवन आदि अपना अपना कार्य करते हैं, मंदिर के लिए प्रभु के लिए जो भी अर्पण किया जाता है, वह भी पूजा के अंतर्गत आता है, भक्ति में तन्मयता के लिए हम प्रभु को सर्वश्रेष्ठ सामग्री अर्पण करते हैं, वैज्ञानिकों ने भी सिद्ध किया है चावल नेगेटिव एनर्जी को खींचता है, मंदिर सुख ,शांति, समृद्धि, प्रदान करने वाले होते हैं, भगवान को छत्र, चमर, भामंडल, प्रतिमा विराजमान करवाना वेदी का निर्माण ,शिखर का निर्माण, मंदिर के लिए भूमि आदि का दान भी पूजन के अंतर्गत आता है ,इसलिए मंदिर के लिए हमेशा सर्वश्रेष्ठ सामग्री का दान करते रहना चाहिए, जिससे जीवन में पाप कम होता है और पुण्य की वृद्धि होती है, और हमेशा इष्ट पदार्थों की प्राप्ति होती रहती है और आगामी भवो में भी इसका फल मिलता है। इस अवसर पर जितेन्द्र जैन बब्लू,राकेश जैन, प्रमोद जैन भौरिया,संजीव जैन रेखला ने जानकारी देते हुए बताया कि सिरोंज से मुनि श्री कुरवाई, मंडीबमौरा, बीना, खिमलासा, सागर होते हुए दमोह पहुंचेंगे।

# पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा एक लाख 40 हजार रु. बरामद

### पिछले माह ट्रैक्टर पर रखे लाख रुपए की हुई थी घटना, घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त एक आरोपी की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

19 फरवरी को डॉ. गोगिया के दवाखाने के सामने सड़क किनारे खड़े ट्रेक्टर पर बैठी महिला के पास थैले में रखे 2 लाख रुपए चोरी की घटना हुई थी। पुलिस द्वारा अज्ञात के विरुद्ध धारा 379 का प्रकरण दर्ज कर टीम बना कर घटना के आरोपियों की तलाश पहिचान के लिए घटना स्थल बैंक, टोल प्लाजा व अन्य स्थानों पर 80-90 सीसीटी कैमरों के खंगाला गया।

**सीसीटीवी कैमरों की मददः** पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना और सीसीटीबी कैमरों में जिन 2 संदेही के फुटेज मिले उनकी तलाश की गई। एक संदेही चंद्रभान उर्फ बब्लू नट निवासी बुढार जिला



शहडोल के लिए सहा उ.नि. संतोष चौहान ने टीम शहडोल भेजी गई। बब्लू नट को पकड़ कर उससे पूछताछ की गई। साथी राजेश नट के साथ घटना को करना स्वीकार किया गया।

एक लाख 40 हजार बाइक जप्त- टीआई विजय त्रिपाठी ने पत्रकारों को चर्चा करते हुए बताया कि पकड़े गए बब्लू नट से चोरी कर ले गए एक लाख 40 हजार रूपये घटना में उपयोग की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। एक अन्य आरोपी राजेश नट निवासी ब्योबहारी जिला शहडोल की तलाश की जा रही है। बताया कि आरोपी चंद्रभान उर्फ बब्लू नट आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध मप्र छत्तीसगढ महाराष्ट्र में चारी के अपराधिक मामले दर्ज है।

# मातृ मृत्यु की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मातृ-मृत्यु प्रकरणों की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आहुत की गई। मातृ-मृत्यु प्रकरणों में से खुरई, बीना आगासौद, रहली, राहतगढ़, शाहपुर विकासखंडों के एक-एक प्रकरणों की समीक्षा की गई। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 प्रति लाख, जीवित जन्म (एसआरएस, 2016-18) तथा शिशु मृत्यु दर 48 प्रति हजार जीवित जन्म (एसआरएस, 2016-18) है। इसे कम करने हेतु विभाग द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे हैं। भारत शासन द्वारा मातृ-मृत्यु समीक्षा को वर्तमान में मातृ-मृत्यु, निगरानी एवं प्रतिक्रिया (एमडीएसआर) किया गया है। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक मातृ-मृत्यु की रिपोर्टिंग, निगरानी, मृत्यु के कारण का विश्लेषण व उस पर प्रतिक्रिया करना सुनिश्चित किया जाना है। आपातकालीन प्रसूति सेवाओं को सुदृढ करने हेतु मातृ-मृत्यु प्रकरणों की रिपोर्टिंग को सुदृढ़ किया जायेगा। प्रकरणों का आकलन कर, मृत्यु के विभिन्न कारणों को समुदाय एवं संस्था स्तर पर चिन्हित कर दूर करने हेतु प्रयास किया जायेगा । कलेक्टर आर्य ने निर्देश दिये कि समस्त मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी/खंड चिकित्सा अधिकारी एवं मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय से संबंधित प्रकरणों के समस्त दस्तावेजों एवं जानकारी सहित आगामी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होगें ।समीक्षा बैठक में संयुक्त कलेक्टर भव्या त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1 डॉ. जे. एस. धाकड़, समस्त मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी/खंड चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल आफीसर, जॉली शाबू डीपीएचएनओ, डीसीएम, एपीएम, सुपरवाईजर, एएनएम, आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## शांति व्यवस्था बनाने पैदल भ्रमण किया



**हैदरगढ।** पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार थाना हैदरगढ़ में पुलिस बल द्वारा प्रतिदिन पैदल भ्रमण किया जा रहा है।इस दौरान थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि हम प्रतिदिन अपने कस्बे में शांति व्यवस्था कायम रखने और अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर कानूनी कार्रवाई करते हैं और अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था बनी रहे। बुधवार को शाम इस दौरान तीन नशे में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की गई और पैदल मार्च के दौरान में जन जन तक शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया।

## प्रो. सिंह का सरगुजा विश्वविद्यालय की शोध उपाधि समिति में मनोनयन



**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के अध्यक्ष तथा मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो दिवाकर सिंह राजपूत को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में स्थित संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा में शोध उपाधि समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर राजपूत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र आदि प्रदेशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अनेक समितियों के सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोनीत किए गए हैं। साथ ही देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं। विश्वविद्यालय और प्रदेश के साथ जिले के लिए भी यह प्रसन्नता का विषय है कि प्रो दिवाकर सिंह राजपूत एक साथ समाज शास्त्र, समाज कार्य, अपराध शास्त्र, जीवन पर्यंत शिक्षा और पुलिस प्रशासन आदि विषयों की समितियों में विषय विशेषज्ञ के रूप में जुड़े हैं।

# पानी पीने पैदल जा रहे राहगीर को अज्ञात जीप ने मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

फोरलेन एनएच-45 पर छींद जोड पिपरिया करनसिंह ग्राम के पास जब बाइक सवार चाचा शिवराज कुशवाहा और भतीजे राहुल कुशवाह छींद जोड पर पानी पीने रूके तो पैदल सड़क पार कर नल के पास जा रहे शिवराज कुशवाहा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कुशवाहा की घटना स्थत पर ही मृत्यु हो गई। मंगलवार की शामा लगभग साढे सात बजे जब शिवराज कुशवाहा नल पर पानी पीने जा रहे थे उदयपुरा की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

वाहन मृतक को घसीटता हुआ दूर तक ले गया और वाहन बिना रूके भाग गया। उक्त घटना की मृतक के भतीजे राहुल कुशवाहा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटना पर प्रकरण दर्ज कर अज्ञात वाहन को तलाश रही है।

## विद्यासागर महाराज को दी विनयांजलि, कई स्थानों से आए जैन समाज के लोग

# खोना वाले भगवान आदिनाथ का किया महामस्तकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली





तहसील के कस्बा खरगौन में में चतुर्थ शताब्दी कालीन भगवान आदिनाथ जी की प्रतिमा जिन्हे खेना वाले बाबा के रूप में जाना जाता था। चतुर्थ स्थापना दिवस पर पालकी के साथ नगर में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई।

सुबह से धार्मिक कार्यक्रमों के साथ महामस्काभिषेक का आयोजन हुआ। उक्त धार्मिक आयोजन में बरेली, बाड़ी, सुल्तानपुर, देहगांव, सिलवानी, बम्होरी, उदयपुरा सहित विभिन्न स्थानों से आए जैन समाज के नर नारियों की शोभायात्रा धार्मिक आयोजन में भारी उपस्थिति रही। शांति धारा का वाचन कर सभी जीवों में दया की प्रार्थना की गई। संत श्री विद्यासागर महाराज को कार्यक्रम के दौरान विनयांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय कवि चंद्रसेन जी, ललितपुर के विद्रोही जी, नपं अध्यक्ष हेमंत चौधरी सहित अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त करते हुए आचार्य श्री को विनयाजंली अर्पित की। नपं अध्यक्ष हेमंत चौधरी ने कहा कि हम बड़भागी है।

बरेली तहसील के इक्यावन नदी किनारे अतिशयकारी भगवान आदिनाथ खोना बाबा यहां बिराजे है। और सभी का मंगल हो रहा है। कार्यक्रम में पत्रकारों के साथ खरगौन के राघवेन्द्र पटैल बड्डू भैया, घनश्याम सिंह रघुवंशी, भगवान सिंह धाकड़, सुरेश जैन, विकास जैन, जगदीश राय सहित अन्यों की उपस्थिति रही। वर्षों से इक्यावन नदी के किनारे बसे ग्राम खरगौन के धाकड मोहल्ला में एक इमली के विशाल वृक्ष के नीचे प्राचीन प्रतिमा खुले आसमान के नीचे थी। लोग अपनी मवेशी वस्तुए चोरी या गुम हो जाने पर प्रार्थना पूजा किया करते और खोना वाले बाबा के नाम से जानते थे।

4 वर्षों पूर्व उक्त प्रतिमा को संत श्री के आशीर्वाद से पहिचान मिली चतुर्थ शताब्दी की उक्त प्रतिमा भगवान आदिनाथ स्वामी के रूप में विधि विधान से पुनः स्थापित की गई। सच्चे मन से की गई प्रत्येक प्रार्थना पूर्ण होती है। 11 मार्च को स्थापना दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।

# तीन माह से नहीं मिला वेतन, महिला कर्मचारियों ने राज्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत बाडी ब्लाक प्रांगण में भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महिला बाल विकास परियोजना की महिला कर्मचारियों द्वारा मंच पर पहुंच कर प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल को ज्ञापन सौंपा।

बताया कि दिसम्बरा 23 से फरवरी 24 तक 3 महिनों का वेतन भुगतान न होने आर्थिक तंगी और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परियोजना के अधिकारियों, कर्मचारियों को पिछले 3 माह से वेतन न मिलने से ईएमआई, मासिक किस्त दवाई खर्च, बच्चों की परीक्षा एवं ट्यूशन फीस दैनिक कार्यों के खर्चे बुरी तरह प्रभावित हो रहे है। जिससे मानसिक तनाव और कार्य भी प्रभावित हो रहे है। एक माह पूर्व संचालनालय से संपर्क में बताया कि काटहेड की मैपिंग परिवर्तन होने से वेतन भुगतान में बिलम्ब हो रहा है। अभी भुगतान नहीं हुआ है। राज्यमंत्री पटैल से महिला कर्मचारियों ने शीघ्र भुगतान कराये जाने का निवेदन प्रार्थना की।

### मुख्यमंत्री ने मंडीदीप में 65.53 करोड़ के कार्यों का किया शिलान्यास व भूमिपूजन

# मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में विकास के नए-नए कीर्तिमान बनाए जाएंगे: मुख्यमंत्री डॉ यादव

◆ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में स्थापित होगा- सीएम यादव





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सभी क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास हो रहा है। समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए, उनके विकास और कल्याण के लिए काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में स्थापित हो। इसके लिए राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है।

यह विचार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रायसेन जिले के भोजनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मण्डीदीप में आयोजित शिलान्यास तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा कार्यक्रम में मंडीदीप नगर पालिका के 65.53 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन तथा शिलान्यास किया। साथ ही चार करोड़ 50 लाख रू लागत के सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया गया।

## डबल इंजन की सरकार द्वारा लगातार विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे

*कार्यक्रम में भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लगातार विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा भौगोलिक विकास के साथ-साथ समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति, जो गरीब हैं, असहाय हैं, उनकी सेवा करने का काम किया है। विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। विधायक श्री पटवा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का काम किया है और अब हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश को विकास के क्षेत्र में नम्बर वन बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।*

*विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि औबेदुल्लागंज विकासखण्ड अंतर्गत तीन करोड़ 25 लाख रू लागत से पांच उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किए हैं जो तामोट, विद्यागोरी, सलकनी, सेमरीकला तथा झिरपई में बनेंगे। इनके अलावा चिकलोद में डेढ़ करोड़ रू का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि आज यहां 65.55 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास किया गया है। साथ ही लगभग चार करोड़ के सिविल अस्पताल का लोकार्पण भी किया गया है।*

मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से निकालकर विकास की जो गति दी है, उसे कम नहीं होने देंगे। हमारा मध्यप्रदेश विकास के हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ेगा। मध्यप्रदेश में सिंचाई, सड़क, पेयजल, विद्युत, उद्योग, अद्योसंरचना सहित हर क्षेत्र में विकास के काम हुए हैं। इन कार्यो को और अधिक आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के बाद रेलवे की कई पुरानी परंपराओं को बदलकर रेलवे के विकास को गति दी है।

केंद्रीय और रेलवे बजट को एक कर रेलवे के विकास में उपयोग का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश को रेलवे की कई सौगातें दी हैं। रानी कमलापति के रूप में देश का सर्वश्रेष्ठ स्टेशन विकसित हुआ है, यह निजी सहभागिता से रेलवे अधोसंरचना विकास का सफल उदाहरण भी बना है।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निकाली जन आभार यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मण्डीदीप में जन आभार यात्रा भी निकाली गई। जो कि मण्डीदीप में खेल मैदान से प्रारंभ होकर गणेश चौक, स्टेशन रोड होते हुए सतलापुर चौराहे पर समाप्त हुई। जन आभार यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### मध्यप्रदेश विकास के हर मामले में नंबर एक राज्य बनेगा

*पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने हमारे प्रदेश को बीमारू राज्य बनाकर छोड़ा था, जिसे बीमारू राज्य की श्रेणी से विकसित राज्य की श्रेणी में लाने का काम हमारी सरकार ने किया। जिस गति से हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं, मुझे पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारा मध्यप्रदेश विकास के हर मामले में भारत में नम्बर एक राज्य बनेगा। पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैभवशाली भारत, गौरवशाली भारत, सम्पन्न भारत, समृद्ध भारत और शक्तिशाली भारत का निर्माण हमारे यशस्वती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ रहा है, जय-जय हो रही है। यह चमत्कार प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रभावी नेतृत्व ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। विकास की इस धारा को निरंतर आगे बढ़ाने में हम सभी को योगदान देना है। प्रधानमंत्री का संकल्प है विकसित भारत का निर्माण और विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश का निर्माण, यह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश सरकार का संकल्प लिया है। उन्होंने जनसमूह को संबोधित करते हुए आईये हम सब एकजुट होकर प्रधानमंत्री श्री मोदी के पीछे चले और विकसित भारत, विकसित मध्यप्रदेश बनाने में अपना योगदान दें। हम सब मिलकर काम करेंगे, देश-प्रदेश और क्षेत्र को आगे बढ़ाएंगे।*

### क्या विभाग ने किया भौतिक सत्यापन

# तालाब हो गए गायब या बन गए कचरा घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

मध्यप्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना तालाब सौंदर्य करण जल सहेजने कंचन जल की इच्छाओं को लेकर लगभग बाड़ी एवं बरेली राजस्व रिकॉर्ड भूमि पर तालाब स्टाक डैम का निर्माण लगभग एक सैकड़ा गांव में इस मिशन के तहत किया गया इस योजना में करोड़ों रुपए खर्च किया गया और वास्तविकता जो सामने आई है उसमें शासन के धान का दुरुपयोग ही नहीं हुआ कागजीकारण भी हो गया सवाल इधर-उधर से आने लगी कितने बने कितने नहीं बने स्टॉप बने हैं, तो उसका निरीक्षण भी अधिकारियों ने किया होगा, भौतिक सत्यापन भी हुआ होगा।

अब इस भौतिक सत्यापन का फिर से भौतिक सत्यापन करने की जरूरत देखने लगी है क्योंकि जो सत्यापन हुआ है जो तालाब में कुछ भी काम नहीं हुआ उसका भी सत्यापन हो गया बस अब सत्यापन का भौतिक सत्यापन होना है। जिससे भ्रष्टाचार की बांसुरी बजाने वाले अधिकारियों की बांसुरी में कितने छेद हैं यह धरातल में सामने आ जाएगा कितनो पर लाखों की रिकवरी निकलेगी एक भौतिक सत्यापन से हम आपको जल अभिषेक मिशन से गांव और तालाब की कितनी तस्वीर बदली और कितनी अधिकारियों की तकदीर बदल गई हम सच्ची खबर परोस रहे हैं।

### तालाब है या कचरा घर

सरकारी रिकॉर्ड में तालाब है जमीन पर कचरा घर बन गए एक तालाब बनाने में उसके सौंदर्यकरण में गहरीकरण में लाखों रुपए खर्च होगा और यह लाखों रुपए आज कचरा घर के रूप में गांव की तकदीर और तस्वीर की कहानी सुना रहे हैं कंचन जल की मिशन आज दूषित और सुगंध की गांव को सौगात दे रही है।

### करीब एक सैकड़ा तालाब की दास्तान

*जल अभिषेक अभियान के तहत 100 तालाब बनाए गए राजस्व रिकॉर्ड में भूमि दर्ज है, पर यह तालाब कितनी गायब हैं और कितने बेहाल हैं इसकी जांच हुई तो कई सलाखों के पीछे जाएंगे।*

### कितने छोटे कितने बड़े रिकॉर्ड में देखो

*ग्राम जमगढ़ में तीन प्राकृतिक तालाब रिकॉर्ड में दर्ज हैं बस इतना ही करना है सत्यापन रिपोर्ट का परीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों को इस रिपोर्ट का भौतिक सत्यापन करना है हकीकत सामने आ जाएगी।*

### तालाब खुद बहा रहे हैं आंसू

*भोरिया किनकी सिमरोध बाघ पिपरिया ,महेश्वर, नयागांव कला ,कामटोन , अमरावद कला, मनकापुर ,समनापुर, मोकलवाड़ा, पीथमपुर, चारगांव ,सेमरी खोजरा लगभग 100 गांव में जल अभिषेक योजना के तहत करोड़ रुपए पानी में चले गए अब दोषियों पर कार्रवाई हेतु लोगों ने एक मिशन के तहत काम शुरू किया है जानकारी मिली है कि यह मामला कलेक्टर को जनसुनवाई में रखा जाएगा उसके बाद यह मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में रखा जाने की तैयारी की जा रही है।*


### खबर संक्षेप

### अम्मा की पुण्यतिथि पर हुआ भजन संध्या कार्यक्रम

**बाड़ी।** नगर को काशी की संज्ञा दी गई है यहां पर धार्मिक आयोजन और धार्मिक संस्थाएं अपने धार्मिक कौशल के कारण नगर ही नहीं क्षेत्र में भी काफी प्रसिद्ध है भजन संध्या कीर्तन मंडल यहां की प्रसिद्ध धार्मिक धरोहर है संत भूमि के साथ ऐतिहासिक मंदिरों में ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार धार्मिक आयोजन किए जाते हैं भगवान भूतेश्वर धाम बाड़ी कला की प्रसिद्ध संपूर्ण क्षेत्र में फैल रही है यहां पर लगभग 50 वर्ष पूर्व भजन कीर्तन संस्था का प्रारंभ हुआ आज इस स्थान पर भगवान भोलेनाथ की आरती के समय भजन संध्या का आयोजन किया जाता है हर सोमवार को कीर्तन करने की यहां पर परंपरा है 10 मार्च 2024 को भूतेश्वर धाम में स्व. सुशीला देवी (अम्मा) की पांचवी पुण्यतिथि शर्मा परिवार द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें जगदीश प्रसाद तिवारी जी एवं मंडल द्वारा गायन कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी देर रात्रि तक चले भजन संध्या कार्यक्रम में भजन गायन कलाकारों ने भगवान श्री कृष्णा भोलेनाथ की मनमोहक गायन कला की प्रस्तुति की जिसमें भक्त झूम उठे आयोजन समाप्ति पर प्रसादी का वितरण किया गया।

# हलाली डैम से 61 गांवों में पहुंचेगा पीने का पानी, तीव्र गति से चल रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के अंतगर्त गांवों में भी शहरों की तर्ज पर शुद्व पेयजल घर घर उपलब्ध करवाया जाएगा। इसी योजना के अंतगर्त हलाली समूह जलप्रदाय योजना बनाई गई थी जिसका काम शुरु हो चुका है और युद्व स्तर पर काम चल रहा है। इस योजना के पूर्ण पर पर 61 गांवों के ग्रामीणों को शुद्व पेयजल आगामी 2025 से मिलने लगेगा। जिसमें सांची जनपद के 25 गांव और भोपाल के 36 गांवों के लगभग 50 हजार आबादी इससे लाभान्वित होगी। हलाली डेम के बेस्ट वेयर पर लगभग 26 करोड़ रुपए की राशि से गेट का निर्माण हो चुका है। जिससे जितनी पानी की आवश्यकता हो, उतना पानी रोका जा सकेगा।

अधिक पानी होने पर उसे निकाला भी जा सकेगा, इससे बाढ़ की स्थिति भी निर्मित नहीं होगी।

इसके अलावा सिंचाई के लिए किसानों को भी पर्याप्त पानी मिलेगा। अभी ज्यादा पानी होने पर ओवरफ्लो से निकल जाया करता था। ओवरफ्लो पर ही पांच चैनल गेट लगा दिए गए हैं जिससे बारिश का ज्यादा पानी इकट्ठा किया जा सकता है। अब किसानों को पलावा के लिए भरपूर पानी मिलने लगेगा।

हलाली समूह जलप्रदाय योजना को पूर्ण करने की अधिकतम समय सीमा दो वर्ष निर्धारित है। अफसरों का प्रयास है कि दो वर्ष के पूर्व ही यह काम गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। फिलहाल युद्व स्तर पर काम किया जा रहा है। दरअसल गर्मियों के दिनों में ग्रामीण अंचलों में जलसंकट गहराने लगता है। जिससे जहां ग्रामीण आए दिन परेशान होते हैं। जलस्तर नीचे चले जाने के कारण सरकारी और निजी टयूबबेल भी पानी देना बंद कर देते थे। नागरिकों की इस समस्या को देखते हुए सरकार ने यह जलजीवन मिशन योजना लागू की है ताकि हर घर जल व्यवस्था हो सके।

### इन गांवों को होगा फायदा

इस हलाली समूह जलप्रदाय योजना में ग्राम अम्बाड़ी, बनखेड़ी, बरजोरपुर, बेरखेड़ी, छोला, दहिड़ा, दीवानगंज, जमुनिया, कचनारिया, करईया, कायमपुर, केमखेड़ी, खोआ, कुल्हाड़यिा, मुक्तापुर, मुरलीखेड़ी, मुस्काबाद, नरखेड़ा, नरोद, नीनोद, पिपल्या, संग्रामपुर, सरार, सेमरा और टिगरा शामिल हैं। जिनमें ग्रामीणों को घर घर कनेक्शन देकर पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। दहेडा में ही जल शोधन संयंद्र का निर्माण किया जाएगा, जिसकी क्षमता 7.75 एमएलडी है।

# वंचित वर्गों का आउटरिच कार्यक्रम देखा लाइव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में वंचित वर्गो का आउटरिच कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वंचित वर्गों के आर्थिक कल्याण हेतु पीएम पोर्टल लांच किया गया।

इस वंचित वर्गो का आउटरिच कार्यक्रम का रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उप संचालक संजय गहरवाल सहित अन्य अधिकारियों तथा हितग्राहियों द्वारा लाईव प्रसारण देखा गया।

प्रभारी उप संचालक श्री गहरवाल ने बताया कि कार्यक्रम में संत रविदास योजना के 09 हितग्राहियों को 24 लाख 50 हजार रू के ऋण स्वीकृति पत्र, डॉ भीमराव आर्थिक कल्याण योजना के 02 हितग्राहियों को 02 लाख रु के ऋण, टंट्या मामा योजना के 01 हितग्राही को 50 हजार रू का ऋण, भगवान बिरसा मुंडा योजना के 02 हितग्राही को 09 लाख रू के ऋण स्वीकति पत्र और मप्र क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के 12 हितग्राहियों को 50 हजार से दो लाख रू तक के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

### तीन आदतन अपराधी 6-6 माह के लिए जिलाबदर

**रायसेन।** विभिन्न अपराधों में आरोपी रमेश पिता बुद्धाराम अहिरवार निवासी ग्राम किशनपुर थाना देवनगर तथा आरोपी गब्बर रायसिख पिता दीवानसिंह रायसिख निवासी ग्राम नयागांव खुर्द थाना बाड़ी जिला रायसेन एवं आरोपी संतोष पिता तुलसीराम कुचबंदिया निवासी वार्ड नम्बर-12 अर्जुन नगर औबेदुल्लागंज जिला रायसेन को 6 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2001 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 9 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। आरोपियों को जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिलों से निष्कासित किया गया है।

### गीता का सार कार्यक्रम 15 मार्च से, ब्रम्हकुमारी नीलम दीदी के मुखारबिंद से होगा कथा का आयोजन

**सिलवानी।** नगर में प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र सिलवानी के द्वारा 15 मार्च से गीता का सार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 21 मार्च को किया जाएगा। सेवा केंद्र सिलवानी की संचालिका बीके मोहिनी दीदी ने बताया कि रामायण, महाभारत व श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित गीता का सार कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च से किया जा रहा है जिसका समापन 21 मार्च को किया जाएगा। सरस्वती शिशु मंदिर के पास मैदान पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के प्रारंभिक दिन 15 मार्च शुक्रवार को सुबह के समय 11 बजे से मॉ विजयासन मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो कि कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर समाप्त होगी। कार्यक्रम में कथा वाचक बीके नीलम दीदी के व्याख्याण का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया है। आयोजको ने श्रद्वालुओ से कलश यात्रा व संपूर्ण दिन कार्यक्रम में शामिल होकर पुर्ण्याजन करने का आग्रह किया हैं।

### 11 लाख से अधिक मतों से लोकसभा सीट जिताने का लिया संकल्प

# विदिशा लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक रविंद्र भवन भोपाल में संपन्न

*पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के निर्देश पर सिलवानी मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी हुए शामिल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान नही हुआ है, लेकिन राजनैतिक दल सीटो पर उम्मीवार घोषित किए जाने को लेकर गुणा भाग में लगे हुए है। भाजपा व कांग्रेस नेतृत्व ने कुछ सीटो पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, शेष सीटो पर भी प्रत्याशी चयन किए जाने को लेकर बैठको का दौर जारी है। लोकसभा चुनाव जीतने की भी रणनीति बनाई जा रही है। रणनीति बनाने को लेकर भाजपा, कांग्रेस से आगें चल रही है।

चुनावी रण को फतह किए जाने को लेकर भाजपा द्वारा तय रणनीति के तहत रविंद्र भवन भोपाल में मंगलवार को लोक सभा क्षेत्र के तहत आने वाली विधानसभा सिलवानी, सांची, भोजपुर, विदिशा, खातेगांव, बुधनी, बासौदा, कुरवाई, क्षेत्र के कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में लोकसभा प्रत्याशी, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांची विधायक डा. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह सहित अन्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक भी शामिल हुए। बैठक को शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, आनंद्र शर्मा आदि ने संबोधित किया। वक्ताओ ने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा किए गए जन हितार्थ कार्यो को गिनाया तथा कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकार्ड मतो से विजयी बनाना है। यहां कार्यकर्ताओ ने संकल्प लिया कि विदिशा लोकसभा चुनाव 11 लाख से अधिक मतो से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान को विजयी बनाएंगे। यहां पर शिवराज सिंह चौहान भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विदिशा क्षेत्र से उनका आत्मीय रिश्ता है और रहेगा। पुनः क्षेत्र की सेवा का अवसर मिला है।

### 2 सौ से अधिक कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

*भाजपा मीडिया प्रभारी शिवम नामदेव ने बताया कि भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली विधानसभा के कार्यकर्ताओ की बैठक में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के निर्देश पर सिलवानी भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला के नेतृत्व में करीब 2 सौ कार्यकर्ता शामिल हुए व 11 लाख से अधिक मतो से भाजपा को जिताने का संकल्प लिया।*

# दिवांगतों को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने दी श्रद्धांजलि



**रायसेन।** सुल्तानपुर के घाट खमरिया में सोमवार रात बारात में घुसे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से 6 लोगों की जान चली गई थी। बुधवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा के साथ पीड़ति परिवार से मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और परिजनों को दिलासा दिया। मृतक विजय अहिरवार, रितिक अहिरवार, और जानू के घर पहुंचे। उन्होंने घटना के विषय में जानकारी ली और परिजनों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने एसडीम चंद्रशेखर श्रीवास्तव को आदेश दिए। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ देने और रोजगार से जोड़ने की बात भी कही। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि घटना के तुरंत बाद ही सरकार द्वारा चार लाख रुपए की राशि दैनिक की घोषणा कर दी थी। उन्होंने परिजनों से कहा कि हम इसलिए आए हैं कि आपकी तकलीफों को कुछ काम कर सकें।


## कार्यालय नगर परिषद बरेली, जिला-रायसेन (म.प्र.)

Email Id- cmobareli@mpurban.gov.in    Ph 07486 - 230216

क्रमांक/644-45/न.प./निर्माण/2024    बरेली, दिनांक 10.03.2024

### - ई-निविदा सूचना-

नगर परिषद बरेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा द्वितीय का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | टेण्डर आईडी | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024_UAD_343396_1 | वार्ड क्रमांक 10 में शक्तिधाम मंदिर के पास सामूदायिक भवन निर्माण कार्य | 2.12 | 2117 | 2000 | 3 Month |
| 02 | 2024_UAD_343399_1 | निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 15.54 | 15,538 | 2000 | 3 Month |

शर्ते :- निविदा की शर्तों व अधिक जानकारी हेतु वेवसाइट पर या कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर निर्माण शाखा से प्राप्त कर सकते हैं एवं कीडेटस पोर्टल देखी जा सकती है।

| श्री हरिशंकर वर्मा | श्री विष्णु प्रसाद यादव | श्री नेपाल सिंह राजपूत | श्री हेमंत राजा भैया चौधरी |
|---|---|---|---|
| मुख्य नगर पालिका अधिकारी | उपयंत्री | उपाध्यक्ष | अध्यक्ष |
| नगर परिषद, बरेली | नगर परिषद बरेली | नगर परिषद,बरेली | नगर परिषद बरेली |